# 35 हजार करोड़ रुपये के निवेश से पांच हजार एकड़ में बनेगी नालेज स्मार्ट सिटी

राब्यू, लखनऊ : योगी आदित्यनाथ सरकार के मंत्रियों की टीम कई देश में बड़े पैमाने पर विदेशी निवेश आकर्षित करने में सफल रही है। विभिन्न देशों में हुए मंत्रियों के रोड शो के दौरान दर्जनों निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर यही बता रहे हैं।

इस कड़ी में अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में सलोनी हार्ट फाउंडेशन ने वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार की मौजूदगी में एमओयू साइन किया। आस्टिन यूनिवर्सिटी ने उप्र में नालेज स्मार्ट सिटी के लिए 42 बिलियन डालर (करीब 35 हजार करोड़ रुपये) का एमओयू साइन किया गया। प्रोजेक्ट के लिए करीब पांच हजार एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी। नालेज स्मार्ट सिटी में दुनिया की ख्यातिप्राप्त यूनिवर्सिटीज का समावेश होगा। वहीं, सिंगापुर में भी निवेश के कई प्रस्ताव और एमओयू पर हस्ताक्षर हुए हैं।

फाल्कन एक्स के सीईओ मुरली चिराला के साथ भी तीन एमओयू साइन हुए। इनमें विशेष रूप से नोएडा में एक सेंटर बनाया जाएगा। इसके साथ ही 20-20 करोड़ के दो निवेश अन्य जिलों में किए जाएंगे। यहां पर प्रतिनिधिमंडल सैन फ्रांसिस्को में ग्लोबल एंटरप्रेन्योरशिप आर्गनाइजेशन टाई के सदस्य व सिलिकान वैली के निर्माण में योगदान देने वाले भारतीयों से मिला। जापान में रोड शो के दौरान सीको एडवांस लिमिटेड के डायरेक्टर युकीनोरी कोबे ने उप्र सरकार के साथ गौतम बुद्ध नगर में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट लगाने के लिए 850 करोड़ रुपये का एमओयू साइन किया।औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल ने जर्मनी, बेल्जियम और स्वीडन में पिछले नौ दिनों में किए गए रोड शो से हासिल परिणाम को साझा करते हुए बताया कि फार्मास्यूटिकल, बिजनेस डेवलपमेंट, कैपिटल मार्केट, व्हीकल मोटर इंडस्ट्री, टेक्नोलाजी, टेलीकाम और फूड प्रोसेसिंग के साथ ही डिफेंस सेक्टर से जुड़े उद्योग समिट के जरिये उप्र में कदम रखेंगे। यूपीसीडा ने सिंगापुर में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह की मौजूदगी में स्टार कंसोर्टियम प्राइवेट लिमिटेड के साथ उप्र में डाटा सेंटर व लाजिस्टिक सेवाओं के लिए एमओयू साइन किया। इससे दो हजार करोड़ रुपये का निवेश आएगा।

## फ्रांस में आज रोड शो करेंगे डिप्टी सीएम केशव मौर्य

नीदरलैंड में रोड शो के बाद अब उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और मंत्री योगेंद्र उपाध्याय फ्रांस का दौरा करेंगे और रोड शो के जरिए दिग्गज कंपनियों को उप्र में निवेश के लिए प्रोत्साहित करेंगे। कुछ व्यापारिक समुदाय के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात होगी।

## संयुक्त अरब अमीरात से आएगा 50 हजार करोड़ का निवेश

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की कंपनियों ने उत्तर प्रदेश में बड़े निवेश की इच्छा जताई है। एमएसएमई मंत्री राकेश सचान के नेतृत्व में दुबई और अबू धाबी गए प्रतिनिधिमंडल को लाजिस्टिक और कार्गो सेक्टर के अलावा हेल्थकेयर तथा ग्रीन एनर्जी में निवेश के प्रस्ताव मिले। मंत्री राकेश सचान की मानें तो यूएई से उत्तर प्रदेश में करीब 50 हजार करोड़ का निवेश आएगा। निवेशकों ने इन प्रस्तावों को लेकर एमओयू भी किया है। राकेश सचान ने बताया कि यूएई दौरे के क्रम में हुए रोड शो के दौरान हमने 200 निवेशकों से मुलाकात की है।